भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
पाक्षिक समाचार

सम्पर्क

खण्ड –XXV अंक–17 15 सितम्बर, 2020

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वष्येऽस्ति न प्रियः। ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्।।

मैं सब भूतों में समभाव से व्यापक हूँ, न कोई मेरा अप्रिय है और न प्रिय है; परन्तु जो भक्त मुझको प्रेम से भजते हैं, वे मुझमें हैं और मैं भी उनमें प्रत्यक्ष प्रकट हूँ। **श्रीमद्भगवद्गीता 9/29**

स्वागत

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2020/254989 दिनांक 4.9.2020 के अनुसार **प्रो. शिब शंकर बैनर्जी** ने 24.8.2020 से संस्थान के पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल–12 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड–I के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. शिब शंकर बैनर्जी को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए, संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2020/254985 दिनांक 4.9.2020 के अनुसार **प्रो. (सुश्री) पूजा घोष** ने 1.9.2020 से संस्थान के ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र में सातवें वेतन आयोग के लेवल–12 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड–I के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. (सुश्री) पूजा घोष को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13ए1 प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए, संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/255816 दिनांक 9.9.2020 के अनुसार **प्रो. अभिषेक मल्होत्रा** ने 1.9.2020 से संस्थान के स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में सातवें वेतन आयोग के लेवल–11 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड–II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. अभिषेक मल्होत्रा को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13A1 प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए, संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/255154 दिनांक 7.9.2020 के अनुसार **प्रो. सोमनाथ घोष कुमार** ने 25.8.2020 से संस्थान के रासायनिक इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल–12 में सहायक प्रोफेसर ग्रेड–I के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  सोमनाथ घोष कुमार को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन लेवल 13A1 प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए, संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES-1/2020/255821 दिनांक 9.9.2020 के अनुसार **डॉ. फुरकान अहमद** ने 3.9.2020 से संस्थान के ऑटोमोटिव रिसर्च ऐन्ड ट्राइबोलॉजी केन्द्र में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES-1/2020/255147 दिनांक 7.9.2020 के अनुसार **डॉ. उज्जवल रंजन दहिया** ने 1.9.2020 से संस्थान के जैव चिकित्सा इंजीनियरी केन्द्र में पोस्ट डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

सत्य है सर्वोपरि सद्गुण

(11 सितंबर को प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक आचार्य विनोबा भावे की जयंती के अवसर पर पढ़ें सत्य को लेकर उनके विचार)

वास्तव में सत्य की कोई व्याख्या नहीं हो सकती। सत्य स्वयं स्पष्ट है। संस्कृत में सत्य का अर्थ नैतिक सत्य (मॉरल ट्रूथ) के रूप में होता है। अमुक मनुष्य सत्यवादी है, तो नैतिक दृष्टि से सत्य की व्यवस्था की जा सकती है, लेकिन परम सत्य (सुप्रीम ट्रूथ) का विचार हो तो उसकी व्याख्या नहीं हो सकती। जिससे अंतरात्मा को हम पहचानते हैं और जिससे अंतरात्मा का समाधान होता है, वही सत्य है। जहां अंतरात्मा को धक्का लगता है, वहां असत्य है। अंतरात्मा ही सत्य–असत्य का साक्षी है।

कोई डाकू यह कह सकता है कि मैंने यह काम अपने बाल–बच्चों के लिए कर्तव्य–भावना से किया, लेकिन यह ठीक नहीं है, क्योंकि सत्य में समत्व होता है। सत्य में संतुलन है, जहां चित्त का

इधर–उधर झुकाव नहीं होता। सत्य में समदर्शन है, समाधान है, अंतःसमाधान है।

जीवन का स्वरूप है– सत्यशोधनम् यानी सत्य की खोज करना। मेरा विचार है कि सत्य प्राप्त होता है नम्रता, तटस्थता और अनाग्रह से। नम्रता और अनाग्रह हो तो सत्य हाथ में आ जाता है। सत्य एक बुनियादी गुण है। सत्य सर्वश्रेष्ठ नीतिधर्म है। एक और सारा नीतिशास्त्र और दूसरी ओर केवल सत्य हो, तो दोनों की तुलना में सत्य का पलड़ा भारी सिद्ध होगा। इसलिए दूसरे सारे नीति–धर्म सत्य की तुलना में गौण हैं। मनुष्य का जीवन सत्य पर खड़ा रहेगा, तभी उसे आत्मा का दर्शन होगा। परमेश्वर तक पहुंचने का मार्ग सत्य से ही बना हुआ है। सत्य को मौलिक गुण मानना पर्याप्त नहीं। यदि नीतिशास्त्र में यह विचार रूढ़ हो जाए कि सत्य ही एक नैतिक तत्व है, बाकी सारे नैतिक तत्व नहीं, तो समाज में शीघ्र ही सुधार हो जाए। जब तक हम यह न समझें कि दुनिया में जितने सारे दोष हैं, सब गौंण हैं, और मुख्य दोष है असत्य। असत्य ही एक नैतिक दोष है, बाकी सारे व्यावहारिक दोष। यह वृत्ति समाज में स्थिर हो जाए, तो निश्चय ही समाज में होने वाले झंझटों से हम मुक्त हो जाएंगे।

इसलिए मेरी मान्यता है कि लोगों को सत्य को कभी छिपाना ही नहीं चाहिए। मेरी दृष्टि में सभी सदगुणों में सबसे श्रेष्ठ सदगुण यदि कोई है, तो वह सत्य है। ऐसा हो या न हो, पर सब दुर्गुणों में असत्य तो सबसे निकृष्ट दुर्गुण है ही।

साभार–दैनिक जागरण
8 सितम्बर, 2020

वर्ष 2019 का ''श्री राम ऋषि सिंह एवं श्रीमती मालती सिंह स्मृति स्टाफ नगद अवार्ड''

स्थापना अनुभाग–2 से प्राप्त विज्ञप्ति संख्याः IITD/E-2/2020/248731 दिनांक 7.08.2020 के अनुसार संस्थान स्तरीय समिति की सिफारिशों पर निदेशक महोदय द्वारा निम्नलिखित कर्मचारियों का चयन ''श्री राम ऋषि सिंह एवं श्रीमती मालती सिंह स्मृति नगद अवार्ड 2019'' के लिए किया गया हैः–

कर्मचारी का नाम (संयुक्त रूप से पुरस्कृत)	कर्मचारी कोड सं.	पदनाम	विभाग / केन्द्र / अनुभाग
श्री सबर सिंह चौहान	26158	तकनीकी अधीक्षक	ई.टी.एस.सी.
एवं			
श्री कृष्ण कुमार	26643	कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक	रासायनिक इंजीनियरी विभाग

इस अवार्ड में स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति प्रमाणपत्र के साथ 36,000 / –रु. नगद पुरस्कार दिया जाता है। यह राशि 18000 / –रु. प्रत्येक पुरस्कार विजेता को 12 महीनों तक 1500 / –रु. प्रतिमाह की दर से वेतन के साथ दी जाएगी।

संस्थान के ग्रुप 'बी', 'सी' एवं 'डी' कर्मचारियों के लिए ''संस्थान प्रोत्साहन पुरस्कार''–2019

स्थापना अनुभाग–2 से प्राप्त विज्ञप्ति संख्याः IITD/E-2 / 2020 / 248730 दिनांक 7.8.2020 के अनुसार संस्थान स्तरीय समिति की सिफारिशों पर निदेशक महोदय द्वारा निम्नलिखित कर्मचारियों का चयन ''संस्थान प्रोत्साहन पुरस्कार 2019'' के लिए किया गया हैः–

क्र.सं.	कर्मचारी का नाम	कर्मचारी कोड सं.	पदनाम	विभाग / केन्द्र / अनुभाग
1.	श्री सुनील कुमार	26688	कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक	विद्युत इंजीनियरी
2.	श्री होराम	26285	वरिष्ठ मैकेनिक	केन्द्रीय कार्यशाला
3.	श्री ऋषि प्रकाश डागर	26386	कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक	अनुप्रयुक्त यांत्रिकी
4.	श्री जगदीश प्रसाद	26199	कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक	रसायन विज्ञान विभाग
5.	श्री मंजीत सिंह	26296	तकनीकी अधीक्षक	वस्त्र एवं रेशा विज्ञान इंजीनियरी
6.	श्री प्रवीण दशरथ पौनिकर	26807	कनिष्ठ लेखा अधिकारी	लेखा परीक्षा
7.	श्री सूरत सिंह	26736	मैस प्रबंधक	विंध्याचल छात्रावास
8.	श्री जीत राम	25485	अधीक्षक	सिविल इंजीनियरी
9.	श्री राजू	26332	वरिष्ठ सहायक	भण्डार एवं क्रय
10.	श्री अमित कुमार	27011	वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	विद्युत इंजीनियरी

11	श्री जय भगवान सिंह	26529	कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	केन्द्रीय कार्यशाला
12	श्री अनिल कुमार	26523	कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	अनुप्रयुक्त यांत्रिकी
13	श्री रणवीर सिंह	26581	कनिष्ठ सहायक	ज्वालामुखी छात्रावास
14	श्री रामवीर सिंह (31.1.2020 को सेवानिवृत्ति)	26639	कनिष्ठ सहायक	काराकोरम छात्रावास

बी.एच.एम. प्रोत्साहन पुरस्कार

1.	श्री गोविन्द सिंह भण्डारी	60168	मसालची	विंध्याचल छात्रावास
2.	श्री रोहित कुमार	60182	मसालची	शिवालिक छात्रावास

उपरोक्त दोनों अवार्ड में प्रत्येक को स्मृतिचिन्ह, प्रशस्ति प्रमाणपत्र के साथ 12,000/–रु. नगद पुरस्कार दिया जाता है। यह राशि 12 महीनों तक 1000/–रु. प्रतिमाह की दर से वेतन के साथ दी जाएगी। संस्थान में 15.8.2020 को आयोजित स्वतन्त्रता दिवस समारोह के अवसर पर ये पुरस्कार प्रदान किए गए।

हिन्दी पखवाड़े का आयोजन

संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान द्वारा **14 से 30 सितंबर, 2020** तक **'हिंदी पखवाड़े'** का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संस्थान में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करना तथा हिंदी में मौलिक कार्य जैसे टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार आदि को बढ़ाना है। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित हिंदी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा :

क्र. सं.	तिथि एवं समय	प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम	प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का माध्यम (वर्चुअल/ऑनलाइन या ऑफलाइन)
1.	**14 सितंबर, 2020** अपराह्न 02:30 से 04:30	**हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ** **अध्यक्षता–उपनिदेशक (प्रचालन)** संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु **ऑनलाइन कार्यशाला**	ऑनलाइन माध्यम द्वारा
		इस कार्यशाला में भागीदारी करने के लिए लिंक– https://iitdelhi.webex.com/iitdelhi/j.php?MTID=m2d9b709bec0827ba71057fbdd4d9b916 **या** **क्लिक** – https://iitdelhi.webex.com/ जॉइन करने के लिए मीटिंग नंबर : 156 325 3866 पासवर्ड : 2020 **या** फोन से जॉइन करने के लिए : +91-11-6480-0114 एक्सैस कोड : 156 325 3866	
2.	**16 सितंबर, 2020** प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक	**हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता** (ग्रुप 'बी' व 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए)	ऑफलाइन (VI-LT2)
3.	**22 सितंबर, 2020** प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक	**टिप्पण एवं प्रारूपण** (नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग) (ग्रुप 'बी' व 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए)	ऑफलाइन (VI-LT2)

4.	**24 सितंबर, 2020** प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक	**राजभाषा प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता** (ग्रुप 'बी' व 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए)	ऑफलाइन (VI-LT2)
5.	**30 सितंबर 2020** प्रातः 11:30 बजे से	**हिंदी समारोह** ('जिज्ञासा' पत्रिका का विमोचन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों की घोषणा)	ऑनलाइन माध्यम से सीधा (लाइव) प्रसारण किया जाएगा जिसका लिंक यथा समय संस्थान के सभी संकाय सदस्यों/अधिकारियों/स्टाफ सदस्यों के साथ साझा कर दिया जाएगा।

1. **संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु ऑनलाइन कार्यशाला** संस्थान में हिंदी पखवाड़े के शुभारंभ में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में संस्थान के स्टाफ सदस्यों को राजभाषा संबंधी नियमों एवं विविध प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी और इनके कार्यान्वयन संबंधी दिशानिर्देशों से अवगत करवाया जाएगा। कार्यशाला ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रतिभागी ऊपर दी गई लिंक के माध्यम से वे इस कार्यशाला में भाग ले सकेंगे।

2. **हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता** इसमें ग्रुप 'बी' के प्रतिभागियों के लिए – **'राष्ट्र निर्माण में नई शिक्षा नीति की भूमिका''** तथा 'ग्रुप 'सी' के प्रतिभागियों के लिए विषय है – **''वायु प्रदूषण एवं स्वास्थ्य''**।

3. **टिप्पण एवं प्रारूपण** – इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों को कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले नेमी टिप्पण एवं प्रारूपण (नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग) से संबंधित प्रश्न दिए जाएँगे।

4. **राजभाषा प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता** – इसके अंतर्गत राजभाषा हिंदी, प्रशासनिक शब्दावली और टिप्पणियाँ, अनुवाद आदि से संबंधित प्रश्न दिए जाएँगे।

5. **हिंदी समारोह** – समारोह में संस्थान की वार्षिक पत्रिका **'जिज्ञासा'** का विमोचन किया जाएगा तथा उपरोक्त प्रतियोगिताओं के **विजेताओं के नामों की घोषणा** की जाएगी।

कोरोना महामारी से उत्पन्न विषम परिस्थितियों के कारण यह समारोह ऑनलाइन माध्यम से ही आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण (लाइव प्रसारण) होगा। जिसका लिंक यथासमय संस्थान के सभी संकाय सदस्यों/अधिकारियों/ स्टाफ सदस्यों के साथ साझा कर दिया जाएगा।

उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक स्टाफ सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने नाम **ईमेल : hindijournal@gmail.com पर भेजें तथा प्रतिलिपि (cc) ईमेल : hodhindi@admin.iitd.ac.in पर भेज दें।**

नोट : वर्तमान कोविड–19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में सरकार/संस्थान द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों, मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रमों को यथा संभव ऑनलाइन तरीके से आयोजित करने का प्रयास है। सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि सभी सुरक्षात्मक दिशानिर्देशों का अनुपालन करें।

प्रतियोगिता के नियम

1. **पात्रताः** हिन्दी कक्ष में कार्यरत कर्मचारियों को छोड़कर संस्थान के ग्रुप 'बी' एवं 'सी' श्रेणी के सभी नियमित कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। **गत वर्ष में प्रथम पुरस्कार प्राप्त प्रतियोगी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं।**

2. **पुरस्कारः** प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को क्रमशः 2500/-रु., 2000/-रु. और 1500/-रु. की राशि का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

3. चार प्रतियोगी होने पर केवल दो पुरस्कार (प्रथम एवं द्वितीय) तथा चार से कम प्रतियोगी होने पर केवल एक (प्रथम) पुरस्कार दिया जाएगा।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 1772, 7144, 1242

मुद्रकः सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com